पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती की तिथि प्रामाणिक रूप से 26 जून 1874 है
राज्यपाल ने मुख्यमंत्री तथा सुश्री मायावती को पत्र भेजा

लखनऊ: 22 दिसम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर कहा है कि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती की तिथि प्रामाणिक रूप से 26 जून 1874 है, इस दृष्टि से शाहूजी महाराज की जयंती 26 जून को होनी चाहिए। राज्यपाल ने अपेक्षा की है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपने अभिलेखों में छत्रपति शाहूजी महाराज की जन्म तिथि में परिवर्तन कर संसूचित कर दिया जाये जिससे भविष्य में उनके जन्म तिथि से संबंधित कार्यक्रम 26 जून को ही आयोजित किये जायें। इस संबंध में राज्यपाल ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती एवं छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति को भी पत्र लिखकर अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ में इस वर्ष 26 जुलाई को छत्रपति शाहूजी महाराज स्मृति मंच द्वारा शाहूजी महाराज की जयंती का आयोजन किया गया था।

छत्रपति शाहूजी महाराज की सही जन्म तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति थी। सही तिथि सुनिश्चित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 2005 में इतिहास विशेषज्ञों, साहित्यकारों की एक समिति गठित की थी। समिति ने उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार 15 जून 2006 को यह निष्कर्ष निकाला कि छत्रपति शाहूजी महाराज की जन्मतिथि 26 जून 1874 ही उचित है। इसी आधार पर महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती 26 जून को मनाने का निर्णय लिया है।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल ने छत्रपति शाहूजी महाराज की सही जन्मतिथि की जानकारी के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक पत्र भेजा था। पत्र का उत्तर शालेय शिक्षा, मराठी भाषा एवं सांस्कृतिक मंत्री श्री विनोद तावडे द्वारा 15 दिसम्बर 2015 को प्राप्त हुआ है।